कहां से आया ,किसने पकाया?

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 92)

➢ दोनों परिवारों में कौन किस तरह के काम कर रहा है?

उत्तर

वेणु का परिवार	रानी का परिवार
वेणु की माँ खाना पका रही है और पिताजी झाड़ू लगा रहे हैं।	रानी की माँ खाना पका रही है।
माँ, पिताजी और वेणु खाना खा रहे हैं।	रानी अपने पिताजी और भाई को खाना परोस रही है।
वेणु की माँ और पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं और वेणु साईकिल चला रही है।	रानी और उसकी माँ काम कर रही है। उसके पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं।

➢ क्या तुम्हारा परिवार इन दोनों में से किसी एक परिवार जैसा है? यदि हाँ तो किसके जैसा? तुम्हारा परिवार उस परिवार से कैसे मिलता है?

उत्तर मेरा परिवार वेणु के परिवार से मिलता है। हमारे परिवार के सभी सदस्य मिलजुल कर काम करते हैं। सभी साथ में खाना खाते हैं।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 93)

➢ क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

उत्तर मेरे परिवार के सभी लोग एक साथ मिलकर खाना खाते हैं।

➢ सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?

उत्तर कोई नहीं, हमलोग हमेशा साथ में खाने की कोशिश करते हैं।

➢ खाना पकाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?

उत्तर मैं खाना पकाना नहीं जानता हूँ। इसलिए मैं मदद नहीं करता हूँ।

➢ तुम्हारे घर में और तुम्हारे एक दोस्त के घर में तालिका में दिए गए काम कौन करता है—पता लगाओ और लिखो। कुछ और काम तालिका में जोड़ो।

उत्तर

काम	कौन करता है	
	तुम्हारे घर में	तुम्हारे दोस्त के घर में
खाना बनाना	माँ	माँ
बाजार से सामान खरीदना	माता-पिता	माता-पिता
झाड़ू लगाना	माँ	माँ और बहन
बर्तन साफ करना	काम वाली	काम वाली
पानी भरना	स्वयं	पिता
पढ़ना	सभी लोग	सभी लोग
खेलना	मैं और मेरी बहन	दोस्त और उसका भाई

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 94)

➢ घर में ज्यादा काम कौन करता है?

उत्तर (अ) तुम्हारे घर में–*मेरी माँ*

(आ) दोस्त के घर में–*दोस्त की माँ*

जो खाया कहाँ से आया?

➢ नीचे कुछ खाने-पीने की चीजों के नाम लिखे हैं। जो चीजें हम पेड़-पौधों से लेते हैं उन पर हरे रंग से ◯ लगाओ। जो चीजें हमें जानवरों से मिलती हैं उन पर लाल रंग से ◯ लगाओ। खाली जगह में कुछ नाम तुम भी जोड़ो।

शहद	हल्दी	मछली	....
मक्का	दूध	नींबू	....
पालक	आलू	अजवाइन	....
अंडा	माँस	केला	....
टमाटर	प्याज	....	....

उत्तर

शहद	हल्दी	मछली	चावल
मक्का	दूध	नींबू	गोभी
पालक	आलू	अजवाइन	मिर्ची
अंडा	मांस	केला	झींगा
टमाटर	प्याज	दही	पनीर

➢ जब तुम बीमार होते हो तो क्या पेड़-पौधों से मिलने वाली चीजों को दवाई के रूप में लेते हो? कब कौन-सी चीज लेते हो–

- चोट लगने पर ....
- पेट दर्द होने पर ....
- खाँसी के लिए ....
- दाँत दर्द होने पर ....

उत्तर
- चोट लगने पर : हल्दी, दूध
- पेट दर्द होने पर : सौंठ और अजवाइन पानी में मिलाकर
- खाँसी के लिए : तुलसी, अदरक और लौंग
- दाँत दर्द होने पर : लौंग का तेल

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 95)

➢ हर चीज के लिए सही टोकरी चुनो। लाइन बनाकर मिलान करो।

उत्तर स्वयं करें।